कार्यालय परियोजना निदेशक, राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना

(राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग)

द्वितीय तल, डी–ब्लॉक, वित्तभवन, जनपथ, जयपुर

email:add.dir.rghs@rajasthan.gov.in
website: https://www.rghs.rajasthan.gov.in

Ph. No. 0141-2744570

क्रमांकः– एफ1 (268)/आरजीएचएस/फण्ड मैनेजमेंट/2021–22/726-733 दिनांकः– 12-08-2021

परिपत्र–3

विषय :– राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) में अंशदान की कटौती के संबंध में।

वित्त (बीमा) विभाग के समसंख्यक आदेश क्रमांक F.5(5)FD/Insurance/2020 PartII Jaipur दिनांक 07-07-2021 एवं स्पष्टीकरण आदेश क्रमांक प.5(5)वित्त/बीमा/2020 पार्ट II जयपुर दिनांक 20.07.2021 के क्रम में परिवीक्षाधीन कार्मिकों के राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में शामिल होने हेतु जुलाई देय अगस्त 2021 के वेतन से उनकी निर्धारित पे–मेट्रिक्स के अनुसार प्रतिमाह अंशदान की कटौती की जानी थी। परन्तु ध्यान में आया है कि आहरण वितरण अधिकारी द्वारा पे–मेट्रिक्स के स्थान पर उनके नियत वेतन के आधार पर अंशदान की कटौती की गयी हैं। अतः ऐसे परिवीक्षाधीन कार्मिक जिनके जुलाई देय अगस्त 2021 के वेतन से पे–मेट्रिक्स के स्थान पर नियत वेतन के आधार पर कटौती की गई है, के जुलाई माह के शेष अंशदान की राशि अगस्त देय सितम्बर 2021 के अंशदान के साथ की जावे।

वे कार्मिक जो निर्धारित पे–मेट्रिक्स के अनुसार प्रतिमाह अंशदान देकर RGHS का लाभार्थी बनना चाहते है एवं उनके द्वारा अपने आहरण एवं वितरण अधिकारी को सहमति पत्र दिये जाने के पश्चात् भी RGHS में कटौती नहीं हो पाई है उन कार्मिकों के जुलाई देय अगस्त 2021 के वेतन से की जाने वाली RGHS अंशदान की कटौती अगस्त देय सितम्बर 2021 के अंशदान के साथ की जावे।

(शिप्रा विक्रम)
परियोजना निदेशक (RGHS)
वित्त भवन, जयपुर।

क्रमांकः– एफ1 (268)/आरजीएचएस/फण्ड मैनेजमेंट/2021–22/726-733 दिनांकः– 12-08-2021

प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रा.नि. विभाग, मुख्यालय जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक, कोष एवं लेखा, वित्त भवन, जयपुर।
3. निजी सचिव,संयुक्त शासन सचिव, वित्त (बीमा) विभाग शासन सचिवालय, जयपुर
4. समस्त अतिरिक्त /संयुक्त /उप /सहायक निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रा.नि. विभाग।
5. समस्त विभागाध्यक्ष।
6. समस्त कोषाधिकारी।
7. समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी।
8. रक्षित पत्रावली।

(शिप्रा विक्रम)
परियोजना निदेशक (RGHS)
वित्त भवन, जयपुर।